'ई-अधिगम' योजना

चर्चा में क्यों?

5 मई, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य के रोहतक ज़िले से 'ई-अधिगम' योजना का शुभारंभ किया है।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये।
- राज्य के 119 स्थानों पर यह टैबलेट वितरण समारोह आयोजित किया गया है।
- उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में तकनीक को अपनाकर शिक्षा देने की योजना को देश भर में लागू करने के लिये वर्ष 2030 तक का लक्ष्य रखा गया है, जबकि हरियाणा सरकार 2025 तक इसे लागू करने को लेकर संकल्पित है।
- हरियाणा ऐसा पहला राज्य है, जिसने 9वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों को टैबलेट देने की घोषणा की है।
- उन्होंने बताया कि हरियाणा अपने बजट का सबसे ज़्यादा हिस्सा शिक्षा क्षेत्र पर खर्च करता है। इस बार के बजट में अकेले 20 हज़ार करोड़ रुपए शिक्षा पर खर्च किये जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र के लिये सरकार दो टास्क फोर्स बनाने जा रही है। एक टास्क फोर्स स्कूलों का इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग, चारदीवारी, सुंदरता, स्वच्छता, रास्ते, पानी और शौचालय सहित अन्य ज़रूरी आवश्यकताओं पर काम करेगी तो दूसरी टास्क फोर्स स्कूलों में फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-adhigam-scheme